बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

आवश्यक सूचना

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा प्रकाशित निम्नांकित विज्ञापनों में दिये गये निर्देश के अनुरूप अन्तिम रूप से ऑनलाइन आवेदन भरने वाले अभ्यर्थियों के लिए विशेष सूचनाः–

(i) 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा

(ii) 29वीं बिहार न्यायिक सेवा (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

(iii) 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

उपर्युक्त विज्ञापनों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने के क्रम में रजिस्ट्रेशन, चालान अथवा ऑनलाइन (SBI Collect) के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के बाद एवम् डैशबोर्ड पर भुगतान से सम्बन्धित विवरणी भरने के उपरान्त सम्पूर्ण सूचनाओं के साथ हिन्दी एवम् अंग्रेजी में हस्ताक्षर तथा फोटो अपलोड कर अन्तिम रूप से ऑनलाइन आवेदन भरा गया है। अन्तिम रूप से सम्पूर्ण सूचनाओं के साथ आवेदन भरने एवम् सफलता पूर्वक Submit करने के उपरान्त अभ्यर्थी के डैसबोर्ड पर उक्त आवेदन का PDF/Soft Copy उपलब्ध हुआ है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मात्र रजिस्ट्रेशन करने एवम् भुगतान करने से आवेदन भरने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती है।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त अन्तिम रूप से आवेदन भरने के पश्चात् अभ्यर्थियों को उनके डैशबोर्ड पर उपलब्ध आवेदन (PDF/Soft Copy) को डाउनलोड कर आयोग कार्यालय में भेजने या सुरक्षित रखने हेतु सम्बन्धित विज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेश दिया गया था। यदि किसी अभ्यर्थी का डाउनलोड किया गया हॉर्ड कॉपी वर्तमान में किसी कारण से सुरक्षित उपलब्ध नहीं है, तो वे अपने User Name and Password से लॉगइन कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध आवेदन (PDF/Soft Copy) को डाउनलोड कर हॉर्ड कॉपी अपने पास निश्चित रूप से सुरक्षित रख लें। वैसे सम्बन्धित अभ्यर्थी दिनांक 12.02.2017 तक निश्चित् रूप से उक्त उपलब्ध आवेदन (PDF/Soft Copy) डाउनलोड कर हॉर्ड कॉपी अपने पास सुरक्षित रख लें। आयोग द्वारा किसी भी समय उक्त हॉड कॉपी माँगे जाने पर अभ्यर्थी को निश्चित रूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यह सूचना केवल उन अभ्यर्थियों के लिए है, जिनके द्वारा विज्ञापन के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अन्तिम रूप से आवेदन भरा गया है एवम् उनका भरे हुए आवेदन का PDF/Soft Copy उनके डैशबोर्ड पर उपलब्ध हो गया था।

सूचित किया जाता है कि बिहार लोक सेवा आयोग का Online Portal दिनांक 12.02.2017 से बंद हो जाएगा।

सचिव 3/2/17

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना